मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-289
30/05/2020

मुख्यमंत्री ने कोविड–19 के मद्देनजर किये जा रहे कार्यो की उच्चस्तरीय समीक्षा की, मुख्यमंत्री के निर्देश

- बाहर से बड़ी संख्या में आये श्रमिकों को स्किल के अनुरूप रोजगार देने के साथ–साथ यहाँ रह रहे श्रमिकों के लिये भी रोजगार की समुचित व्यवस्था हो, इस पर विशेष रूप से ध्यान देने की आवश्यकता है।

- टेस्टिंग कैपिसिटी को ज्यादा से ज्यादा करना होगा, तभी संक्रमण का पता चलेगा। बड़ी संख्या में बाहर से आये बिहार के लोगों में संक्रमण की अद्यतन स्थिति क्या है, यह अधिक से अधिक टेस्टिंग से ही पता चलेगा, इसके लिये रणनीति बनाकर टेस्टिंग करने की आवश्यकता है।

- प्रखण्ड क्वारंटाइन केन्द्रों से क्वारंटाइन अवधि पूर्ण कर निकलते समय श्रमिकों की विस्तृत स्क्रीनिंग हो। होम क्वारंटाइन में रह रहे लोगों की भी नियमित निगरानी आवश्यक है, इसका फॉलोअप भी होता रहे। स्वास्थ्य विभाग योजना बनाकर इस पर काम करे।

- कोरोना सुरक्षा में लगे फ्रंटलाइन वर्कर्स को प्रोत्साहित करते रहें। इनकी सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। पी0पी0ई0 किट्स की कोई कमी न हो, इनकी सभी सुविधाओं का ध्यान रखा जाय और इन्हें किसी प्रकार की कोई समस्या न हो।

- जिन्हें संक्रमण की थोड़ी सी भी आशंका हो, वे तुरंत अपनी जॉच करायें। प्रो–एक्टिव होकर प्रशासन को सहयोग करें। बाहर से आ रहे सभी लोगों की पल्स पोलियो की तर्ज पर डोर टू डोर विस्तृत स्क्रीनिंग उपयुक्त टीम के माध्यम से लगातार कराते रहें और इसका फॉलोअप भी करते रहें।

- भीड़भाड़ एवं बाजार वाले क्षेत्रों में साफ–सफाई का पूर्ण ध्यान रखा जाय। नियमित रूप से सैनिटाइजेशन का कार्य हो। लोग मास्क का प्रयोग करें और सोशल डिस्टेंसिंग का पूर्ण ध्यान रखें। साथ ही कार्यालयों में भी नियमित साफ–सफाई और सैनिटाइजेशन की व्यवस्था सुनिश्चित हो।

- जिस इलाके में कोरोना संक्रमण के ज्यादा खतरे की संभावना हो, उनके लिये विशेष योजना बनानी होगी। उस क्षेत्र में लोगों को निरंतर सजग एवं सतर्क रखना होगा।

- कोरोना संक्रमण से पीड़ित लोग स्वस्थ होकर लगातार घर लौट रहे हैं। लोग घबरायें नहीं, सजग रहें, सचेत रहें तथा सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते रहें।

पटना, 30 मई 2020 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने मुख्य सचिव एवं अन्य वरीय अधिकारियों के साथ कोविड–19 के मद्देनजर किये जा रहे कार्यो की उच्चस्तरीय समीक्षा की।

समीक्षा के क्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि बाहर से बड़ी संख्या में आये लोगों का स्किल मैपिंग कराया गया है। उन्होंने कहा कि बाहर से बड़ी संख्या में आये इन श्रमिकों को स्किल के अनुरूप रोजगार देने के साथ–साथ यहाँ रह रहे श्रमिकों के लिये भी रोजगार की समुचित व्यवस्था करनी होगी, इस पर विशेष रूप से ध्यान देने की आवश्यकता है।

मुख्यमंत्री ने निर्देश देते हुये कहा कि टेस्टिंग कैपिसिटी को ज्यादा से ज्यादा करना होगा, तभी संक्रमण का पता चलेगा। बड़ी संख्या में बाहर से आये बिहार के लोगों में संक्रमण की अद्यतन स्थिति क्या है, यह अधिक से अधिक टेस्टिंग से ही पता चलेगा, इसके लिये रणनीति बनाकर टेस्टिंग करने की आवश्यकता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रखण्ड क्वारंटाइन केन्द्रों से क्वारंटाइन अवधि पूर्ण कर निकलते समय श्रमिकों की विस्तृत स्क्रीनिंग हो। होम क्वारंटाइन में रह रहे लोगों की भी नियमित निगरानी आवश्यक है, इसका फॉलोअप भी होता रहे। स्वास्थ्य विभाग योजना बनाकर इस पर काम करे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना सुरक्षा में लगे फ्रंटलाइन वर्कर्स को प्रोत्साहित करते रहें। इनकी सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि पी0पी0ई0 किट्स की कोई कमी न हो, इनकी सभी सुविधाओं का ध्यान रखा जाय और इन्हें किसी प्रकार की कोई समस्या न हो।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन्हें संक्रमण की थोड़ी सी भी आशंका हो, वे तुरंत अपनी जॉच करायें। इसमें प्रो–एक्टिव होकर प्रशासन को सहयोग करें। उन्होंने कहा कि बाहर से आ रहे सभी लोगों की पल्स पोलियो की तर्ज पर डोर टू डोर विस्तृत स्क्रीनिंग उपयुक्त टीम के माध्यम से लगातार कराते रहें और इसका फॉलोअप भी करते रहें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भीड़भाड़ एवं बाजार वाले क्षेत्रों में साफ–सफाई का पूर्ण ध्यान रखा जाय। इन सभी जगहों पर नियमित रूप से सैनिटाइजेशन का कार्य हो। उन्होंने कहा कि लोग मास्क का प्रयोग करें और सोशल डिस्टेंसिंग का पूर्ण ध्यान रखें। साथ ही कार्यालयों में भी नियमित साफ–सफाई और सैनिटाइजेशन की व्यवस्था सुनिश्चित हो।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस इलाके में कोरोना संक्रमण के ज्यादा खतरे की संभावना हो, उनके लिये विशेष योजना बनानी होगी। साथ ही उस क्षेत्र में लोगों को निरंतर सजग एवं सतर्क रखना होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना संक्रमण से पीड़ित लोग स्वस्थ होकर लगातार घर लौट रहे हैं। लोग घबरायें नहीं, सजग रहें, सचेत रहें तथा सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते रहें।

******